सत्यमेव जयते

षोडश

बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 16 फाल्गुन, 1941 (श०) / 06 मार्च, 2020 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 04

(1)	स्वास्थ्य विभाग	04
	कुल योग --	04

सुविधा उपलब्ध कराना

'क'-9. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के 38 जिलों में से दो जिलों में ही हार्ट अटैक की स्थिति में मरीजों का इलाज संभव है तथा 13 जिलों के सरकारी अस्पतालों में मात्र ई0 सी0 जी0 की सुविधा दी जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 23 जिलों के सदर अस्पताल में ई0 सी0 जी0 सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, जबकि हार्ट अटैक से प्रभावित मरीज को दो घंटे के अन्दर इलाज प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में जान-माल का नुकसान होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे जिलों में भी हार्ट अटैक की स्थिति में मरीजों का इलाज उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधिसूचना का कार्यान्वयन

'ख'-13. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना 963, दिनांक 14 फरवरी, 2019 द्वारा सभी सरकारी विभागों, उपक्रमों, अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में चादर, पर्दा, सफेद बेडशीट एवं पिलो-कवर की दर निर्धारित करते हुये बुनकर सहयोग समितियों से खरीदे जाने हेतु निर्देश निर्गत किया गया है, परंतु बुनकर सहयोग समितियों से अभीतक सरकारी विभागों, उपक्रमों, अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों के लिये चादर, पर्दा, सफेद बेडशीट एवं पिलो-कवर आदि की खरीदारी नहीं की गयी है जिससे बुनकर सहयोग समितियाँ बंद होने की कगार पर हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधिसूचना का कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

औचित्य बताना

20. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जनवरी, 2020 को प्रकाशित शीर्षक ''दवा भंडारों में आधी से अधिक दवायें गायब'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में मरीजों को सरकारी अस्पतालों से आधी से अधिक प्रकार की मिलने वाली मुफ्त दवायें खासकर राज्य के अररिया, अरवल, औरंगाबाद सहित 34 जिलों में से 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक दवायें स्टॉक से गायब है, जिसके कारण मरीजों को बाहर से दवाई खरीदनी पड़ रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो 34 ज़िलों के स्वास्थ्य केन्द्रों में मिलने वाली मुफ्त दवायें उपलब्ध नहीं होने का क्या औचित्य है ?

औचित्य बतलाना

21. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 फरवरी, 2020 को प्रकाशित शीर्षक ''आयुष्मान भारत के लिये नहीं मिलेगी बिहार को कोई राशि'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत बिहार सरकार को वित्तीय वर्ष 2019-20 में 6,400 करोड़ रुपये आवंटित किया गया था, जिसे संशोधित कर 3,200 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिसमें से माह दिसम्बर, 2019 तक मात्र 1698.71 करोड़ ही खर्च किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा दिसम्बर, 2019 तक इतनी कम राशि खर्च करने का क्या औचित्य है ?

पटना :
दिनांक 6 मार्च, 2020 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

नोट--'क'-दिनांक 28 फरवरी, 2020 को सदन द्वारा स्थगित ।
'ख'-दिनांक 2 मार्च, 2020 को सदन से स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

बि0स0मु0, 164(एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-550